के लिए विमान उतारने, बेस पर वापस माने, विमान को स्टैंड बाई रखने और ईंधन भरने के लिए की गयी उड़ानों के मामले में उपर्युक्त (1) में बताए गए तरीके से एक यात्री के लिए प्रभार लगाया जाता है ।

भूतपूर्व प्रधान मंत्री की जिन गैर सरकारी यात्राओं के लिए बकाया बिलों को प्रधान मंत्री कार्यालय को वसूली के लिए भेजा है उनके ब्यौरे ।

| क्र.सं. | उड़ान की तारीख | रकम रुपए |
|---|---|---|
| 1. | 17-2-77 | 9.364.44 |
| 2. | 18-2-77 से 25-2-77 | 2,69.204.80 |
| 3. | 26-2-77 से 28-2-77 | 1,17,495.20 |
| 4. | 2-3-77 से 8-3-77 | 2,79.300.78 |
| 5. | 9-3-77 | 26.886.48 |
| 6. | 10-3-77 | 20.237.28 |
| 7. | 11-3-77 से 18-3-77 | 6,54,273.40 |
| | जोड़ | 13,76.762.38 |

**Eastern Coalfields Limited**

1401. SHRI ROBIN SEN: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether rampant corruption is prevailing in cases of filling up vacancies and recruitment in Eastern Coalfields Limited;

(b) if so, whether the Ministry will institute an inquiry to establish the fact; and

(c) whether Government will formulate policy in respect of recruitment in E.C.L.?

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI P. RAMACHANDRAN): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) A procedure has already been laid down for recruitment in the Public Sector Undertakings, which is applicable to Eastern Coalfields Limited as well.

**गरीबी के स्तर से नीचे रह रहे लोगों की प्रतिशतता**

1402. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय :**

**श्री सी० के० चन्द्रप्पन :**

**श्री धर्मवीर वशिष्ट :**

क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में वर्ष 1970-71, 1975-76 और 1976-77 में गरीबी के स्तर से नीचे रहने वाले लोगों की, राज्यवार प्रतिशतता कितनी थी और अब कितनी है ; और

(ख) उनकी स्थिति में सुधार करने के लिए क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) :** (क) रहन-सहन के न्यूनतम स्तर के लिए आवश्यक प्रति व्यक्ति व्यय के सम्बन्ध में कुछ धारणाएं बनाने के बाद, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन द्वारा दिए गए घरेलू उपभोग-व्यय से सम्बन्धित आंकड़ों के आधार पर गरीबी के स्तर से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या का पहले अनुमान किया गया था । इन धारणाओं में भिन्नता है और परिणामस्वरूप कोई निश्चित और विश्वसनीय आंकड़े नहीं दिए जा सकते ।

(ख) योजना आयोग से छठी पंच-वर्षीय योजना को तैयार करने में गरीबी से सम्बन्धित पहलुओं को पूरी तरह से ध्यान में रखने के लिये अनुरोध किया गया है। आयोग गरीबी को दूर करने के लिए नीति और इसमे सम्बन्धित योजनाओं तथा कार्यक्रमों की ओर ध्यान देगा। इसी बीच आर्थिक विकास के के माध्यम से बर्तमान योजनाओं से जनसंख्या के कमजोर वर्गों की आर्थिक स्थिति में सुधार होने की अपेक्षा है। कृषि और सम्बद्ध विषयों के लिए धनराशि का 30 प्रतिशत आवंटित करने और ग्रामीण औद्योगिक क्षेत्र में 25 लाख रोजगार उत्पन्न करने की दृष्टि से 1977–78 की वार्षिक योजना को नया रूप दिया गया है।

**आपात स्थिति के दौरान भारत रक्षा नियम के अन्तर्गत गिरफ्तार किए गए कर्मचारियों की बहाली**

1403. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या आपात स्थिति के दौरान राजनीति की भावना से आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखने सम्बन्धी अधिनियम के अन्तर्गत गिरफ्तार और सेवा से निकाले गये व्यक्तियों को बहाल कर दिया गया है जबकि इसी प्रकार भारत रक्षा नियम के अंतर्गत गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों को बहाल नहीं किया गया है और सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की है?

**गृह मंत्री (श्री चरण सिंह)** : इस आशय के आदेश जारी कर दिए गए हैं कि आन्तरिक सुरक्षा बनाए रखने सम्बन्धी अधिनियम (मीसा) के अधीन जिन केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को बन्दी बना दिया गया था और जिन्हें अब मुक्त कर दिया गया है, उन्हें सेवा में बहाल कर दिया जाना चाहिए। फिर भी, भारत रक्षा नियम के अधीन गिरफ्तार किए गए केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के मामले में संबंधित प्राधिकारियों को प्रत्येक ऐसे मामले की गुणावगुण के आधार पर जांच करनी होगी कि क्या संबंधित कर्मचारी को उसके द्वारा किए गए अपराध के स्वरूप को ध्यान में रखते हुए, सेवा में बहाल किया जाये। जिन कर्मचारियों को डी० आई० एस० आई० आर० के अधीन दोष सिद्ध पाया गया है उनके मामले में भी प्राधिकारी, कर्मचारी के मामले की पुनरीक्षा करने और यदि आवश्यक हो तो, उस व्यक्ति को सेवा में बहाल करने के लिए सक्षम हैं।



**बिजली की कमी के कारण औद्योगिक उत्पादन में कमी**

1404. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय** : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के अनेक भागों से यह समाचार आ रहे हैं कि बिजली की कमी के कारण औद्योगिक संस्थानों में उत्पादन कम हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की जा रही है; और

(ग) पश्चिमी बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में कितने कारखानों ने कर्मचारियों की छंटनी की है।

**उद्योग मंत्री (श्री बृजलाल वर्मा)** : (क) जी, हां।

(ख) बिजली की कमी के प्रभाव को कम करने की दिशा में निम्नलिखित उपाय शुरु किए गए हैं :—

(i) ऊर्जा संरक्षण के लिए मार्गदर्शी सिद्धान्त तैयार किए गए हैं और राज्य सरकारों को अपनाये जाने के लिए भेज दिए गए हैं।